**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा)** : (क) सरकार को पी० वी० सी० रेसिन तथा पोलिस्ट्रीन के मूल्यों में हुई वृद्धि के सम्बन्ध में शिकायतें मिली हैं। तथापि किस्म में गिरावट होने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं।

(ख) उत्पादकों को इन वस्तुओं के मूल्यों को कम करने के सम्बन्ध में लिखा गया है। देश में पी वी सी की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने 2500 मी० टन पी वी सी का घटी सीमा शुल्क दर पर आयात करने का प्रबन्ध किया है। कमियों को दुबारा होने की सम्भावना होने पर और अधिक आयात किया जा सकता है। बाजार में अधिक उपलब्धता के कारण मूल्यों में गिरावट आने की सम्भावना है।

### पश्चिम रेलवे में जिला मुख्यालयों के लिए आउट एजेन्सियां

*434. **श्री चतुर्भुज** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कौन-कौन से ऐसे जिला मुख्यालय हैं जहां पश्चिम रेलवे की आउट एजेंन्सियां नहीं हैं ;

(ख) क्या सरकार वहां शीघ्र ही आउट एजेन्सियां स्थापित करने के प्रश्न पर विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां तो कब ; और

(घ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते)** : (क) राजस्थान के निम्नलिखित जिला मुख्यालयों में पश्चिम रेलवे की कोई आउट एजेंसी नहीं है :—

1. अजमेर 2. अलवर 3. भरतपुर 4. भीलवाडा 5. चित्तोडगढ़ 6. चुरू 7. डूंगरपुर 8. झुंझनू 9. सवाई माधोपु 10. सीकर 11. सिरोही 12. सुजात रोड 13. टौंक 14. उदयपुर

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) आउट एजेंसियों की व्यवस्था रेलहैड से दूरस्थ स्थलों पर की जाती है। उपर्युक्त सभी जिला मुख्यालयों (टौंक को छोड़कर) में ऐसे रेलवे स्टेशन है जहां व्यापारियों और जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त सुविधाए सुलभ हैं। टौंक स्थित आउट एजेंसी अक्तूबर, 19 4 में बन्द कर दी गयी थी और इसे पुन: खोला नहीं जा सका क्योंकि इसके लिए कोई उपर्युक्त ठेकेदार नहीं मिला।

### जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

*435. **श्री लक्ष्मण राव मानकर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में तांबे की खानें होने से जबलपुर से गोंदियां तक की रेलवे लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का निर्णय किया गया है।

(ख) यदि हां तो इस बारे में क्या प्रगति हुई है ; और

(ग) क्या गोंदिया से चन्द्रपुर तक मीटर गेज लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का प्रस्ताव हैं और इस बारे में सरकार ने क्या निर्णय लिया है ?

**रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते)** : (क) और (ख). जबलपुर—गोंदिया छोटी लाइन खंड को बड़ी लाइन में बदलने के लिए प्रारम्भिक इजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण पूरा हो जाने और रिपोर्टों